भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1389
जिसका उत्तर मंगलवार 03 मई, 2016 को दिया जाना है

**रोहतांग दर्रे के लिए इलेक्ट्रिक बस**

**1389. श्री राम स्वरूप शर्मा:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण को सूचित किया है कि हिमाचल प्रदेश में रोहतांग दर्रे के लिए इलेक्ट्रिक बस चलाने को स्वीकृति दे दी है जिसमें सरकार आरंभ में 25 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए अपेक्षित (37.5 करोड़ रुपए) में से 75 प्रतिशत धनराशि जारी करेगी;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को 37.5 करोड़ रुपए जारी करेगी; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव के कब तक लागू होने की संभावना है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क):** जी, हां।

**(ख) और (ग):** सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को अधिकतम ₹37.50 करोड़ की राशि के अध्यधीन 25 इलेक्ट्रिक बसों के लिए लागत के 75% तक के निधियन के लिए सैद्धान्तिक अनुमोदन दे दिया है और माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को भी सूचित कर दिया गया है। आपूर्ति आर्डर के जारी करने के पश्चात्, हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा इसके लिए अनुरोध करने पर निधियां जारी कर दी जाएंगी।

*****